छापा | स्मार्ट सिटी अस्पताल का लाइसेंस निलंबित, भवन को किया गया सील

# मरीजों की जिंदगियों से रोज खेल रहा था अमित खरे

- जांच के दौरान स्वास्थ्य को लेकर सामने आईं कई विसंगतियां
- स्वास्थ्य, नगर निगम और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने मारा छापा




**नवभारत,जबलपुर।** न तो मौके पर प्रशिक्षित नर्स, न तो क्वालीफाइड डॉक्टर, न ही पैथोलॉजी में जांच करने वाला लैब टैक्नीशियन.. इन तमाम स्वास्थ्य विसंगतियों के साथ पिछले लंबे समय से बेदीनगर एलआईसी के पास संचालित हो रहे स्मार्ट सिटी अस्पताल में छापा मारने रविवार को कलेक्टर के निर्देश पर नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग और राजस्व की टीम पहुंची तो सारी हकीकत सामने आ गई। गोरखपुर एसडीएम अनुराग सिंह के नेतृत्व में पहुंची टीम के भी इतनी सारी खामियां देखकर होश उड़ गए। इसके बाद अस्पताल के लाइसेंस को निलंबित करते हुए भवन को सील कर दिया गया और सख्त हिदायत दी गई कि अब इस अस्पताल में कोई भी मरीज भर्ती नहीं होना चाहिए।

कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि किस हद तक स्मार्ट सिटी अस्पताल में मरीजों की जिंदगियों से खेला जा रहा था। हैरानी तो और उस वक्त हुई जब मौके पर पहुंचे सीएमएचओ डॉ. नवीन कोठारी ने देखा कि अस्पताल में सभी विभागों में जो मौजूद है वो नई उम्र के लड़के लड़कियां हैं। इस संबंध में सीएमएचओ ने खुद हैरानी जताते हुए कहा कि संचालक कहीं से पकड़कर अस्पताल में ले आए हैं। सीएमएचओ डॉ. नवीन कोठारी ने नवभारत को बताया कि अस्पताल का लाइसेंस निलंबित व भवन को सील करने के बाद संचालक को 7 दिन का समय दिया गया है कि वो जवाब प्रस्तुत करे इसके बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### नरसिंहपुर जिले में हत्या करवाने का आरोप

विदित हो कि नरसिंहपुर जिले के सुआतला थानांतर्गत इंद्रानगर के पास बीती 19 जुलाई को हाइवा से कुचलकर जबलपुर निवासी (पावला-बरपटी) पांच युवकों की मौत के मामले में शनिवार को स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल के संचालक डॉ. अमित खरे समेत 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया था और अमित पर हत्या का आरोप लगा था। अमित की गिरफ्तारी के बाद रविवार को अस्पताल की छापेमारी करने जांच दल पहुंचा था।

### 8 मरीज भर्ती मिले, मेडिकल कॉलेज किया शिफ्ट

निरीक्षण के समय अस्पताल में 8 मरीज भर्ती पाए गए। सीएमएचओ ने बताया कि मरीजों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ. शर्मा से चर्चा की गई और फिर उसके बाद 108 एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से सभी 8 मरीजों को उचित और अग्रिम इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में सुरक्षित स्थानांतरित (शिफ्ट) कर दिया गया।

### दूसरे डॉक्टर के नाम पर लिया था लाइसेंस

जानकारी के अनुसार स्मार्ट सिटी अस्पताल के संचालक अमित खरे के अस्पताल का लाइसेंस पहले भी कई बार निलंबित हो चुका है लेकिन वो इतना शातिर था कि हर बार डॉक्टर के नाम बदल बदलकर लाइसेंस एप्रूव करा लेता था। इस बार भी एलआईसी के पास संचालित हो रहे स्मार्ट सिटी अस्पताल का लाइसेंस अमित के नाम पर नहीं बल्कि डॉ. सुभाष कुमार छांटा के ना पर स्वास्थ्य विभाग से लिया गया था। सीएमएचओ डॉ. नवीन कोठारी से अमित खरे की डॉक्टर की डिग्री के बारे में जानने की कोशिश की गई तो उन्होंने साफ कहा कि अभी तक अमित खरे की ओर से ऐसा कोई भी दस्तावेज पेश नहीं किया गया है और न सामने आया है जिसमें ये लिखा हो कि अमित खरे एक डॉक्टर भी है। इस चौंकाने वाली जानकारी ने अब अमित खरे की डॉक्टर की डिग्री पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

# बारिश थमी, गर्मी ने बढ़ाई तपिश

## सामान्य से 4 डिग्री ऊपर पहुंचा पारा

- आज गरज-चमक, वज्रपात और तेज हवा का अलर्ट



**नवभारत,जबलपुर।** मानसूनी सीज़न में बारिश का सिलसिला थमने से शहर में उमस और गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। रविवार को अधिकतम तापमान 34.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 4 डिग्री अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1 डिग्री अधिक है। मौसम विज्ञान कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों में जिले में बारिश दर्ज नहीं हुई, जिससे वातावरण में उमस बनी रही।

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार इस मानसून सीजन में अब तक 269.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि तक 665.5 मिमी बारिश हो चुकी थी। यानी इस बार मानसून करीब 396 मिमी पीछे चल रहा है।गौरतलब है की पिछले वर्ष 26 जुलाई को अधिकतम तापमान 28.3 डिग्री और न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। जिससे स्पष्ट है कि इस बार जुलाई के अंतिम सप्ताह में भी गर्मी का असर बना हुआ है।

मौसम विभाग ने जिले के अनेक स्थानों पर गरज-चमक के साथ वर्षा या बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घण्टो में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं ,इस दौरान वज्रपात और झंझावात की भी चेतावनी जारी की गई है।

उधर बारिश नहीं होने से खरीफ फसलों, विशेषकर धान, सोयाबीन और मक्का की फसलों में नमी की कमी महसूस होने लगी है। ऐसे में किसानों को अच्छी वर्षा का इंतजार है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कीअगले कुछ दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो फसलों की बढ़वार प्रभावित हो सकती है।

# पिकअप ने बाइक को कुचला, बुजुर्ग महिला की मौत, दो घायल



**नवभारत, जबलपुर।** सिहोरा थाना अंतर्गत ग्राम दिनारी खमरिया के पास रविवार दोपहर एक अनियंत्रित पिकअप वाहन ने मोटरसाइकिल को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिर गए, जिन्हें कुचलते हुए पिकअप आगे निकल गई। इस दिल दहला देने वाले हादसे में एक बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम सलैया कुआं की निवासी कुसुम बाई यादव (70) अपने रिश्तेदारों विनीत यादव (23) और नीरज यादव (22) के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर सिहोरा जा रही थीं। तीनों अपनी रिश्तेदारी में मिलने के लिए घर से निकले थे। जैसे ही उनकी मोटरसाइकिल ग्राम दिनारी खमरिया से थोड़ा आगे बढ़ी, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 20 जीबी 5647 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें सीधी टक्कर मार दी। पिकअप की टक्कर लगते ही तीनों बाइक सहित सामने की ओर गिरे। अनियंत्रित पिकअप उन्हें कुचलते हुए निकल गई, जिससे गंभीर चोटें आने के कारण कुसुमबाई ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे में विनीत और नीरज को भी गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### कुचलते हुए निकली पिकअप सड़क किनारे पलटी

बाइक सवारों को रौंदने के बाद पिकअप वाहन भी अनियंत्रित हो गया और तेज रफ्तार होने के कारण सड़क किनारे जाकर पलट गया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा। पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को तुरंत अस्पताल भिजवाया, जहाँ उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पिकअप वाहन को जब्त कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बाईक सवार दो बदमाशों ने बीटेक छात्र का रास्ता रोककर सोने की चेन लूटी

**नवभारत, जबलपुर।** कैंट थाना अंतर्गत सीईओ बंगले के पास बाइक सवार दो शातिर बदमाशों ने एक बीटेक छात्र को अपना निशाना बनाया। बदमाशों ने छात्र के गले से करीब 6-7 ग्राम वजनी सोने की चेन झपट ली और विरोध करने पर गाड़ी की चाबी दूर फेंककर भाग निकले। पुलिस के मुताबिक कंचनार वरसाना कॉलोनी निवासी 23 वर्षीय तुषार होतानी बीटेक का छात्र है। वह अपनी एक्टिवा से घूमने निकला था। सदर स्थित अमृततुल्य दुकान, पेंटीनाका, सृजन चौक और यादगार चौक होते हुए जब वह मॉल रोड से वापस घर लौट रहा था, तभी सीईओ बंगले से महज 100 मीटर पहले पीछे से आए मोटरसाइकिल सवार दो लड़कों ने उसे आवाज देकर रोका। तुषार ने जैसे ही एक्टिवा धीमी की, बदमाशों ने उसके आगे अपनी बाइक अड़ा दी। मोटरसाइकिल चला रहे बदमाश ने उतरकर तुरंत एक्टिवा की चाबी निकाल ली और विवाद करने लगा। जब बदमाशों ने तुषार के गले से सोने की चेन छीनने की कोशिश की, तो उसने मुकाबला किया। छात्र को भारी पड़ता देख एक आरोपी ने एक्टिवा की चाबी दूर फेंक दी ताकि वह पीछा न कर पाए। इसके बाद दोनों आरोपियों ने मिलकर जबरन चेन लूटी और तुषार को धक्का देकर यादगार चौक की तरफ रफूचक्कर हो गए। वारदात में इस्तेमाल बाइक पर नंबर नहीं लिखा था।

विधायक नारायण सिंह पट्टा ने रेल मंत्री को लिखा पत्र

# पंडरिया-ग्वारीघाट मिसिंग लिंक को राष्ट्रीय प्राथमिकता में शामिल करने की मांग

धनंजय श्रीवास्तव

**जबलपुर।** महाकौशल और छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल क्षेत्रों को आपस में जोड़ने वाली ऐतिहासिक बिलासपुर-पंडरिया-मंडला-जबलपुर रेल कॉरिडोर परियोजना को लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और रेल एक्टिविस्ट , समर्थकों ने एक बार फिर अपनी आवाज बुलंद कर दी है। बिछिया विधानसभा के विधायक नारायण सिंह पट् ?टा ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर इस परियोजना को केवल एक प्रशासनिक फाइल न मानकर नीतिगत सुधार और जनहित के नजरिए से देखने का आग्रह किया है।




### 126 वर्ष पुराने स्वीकृत रूट का हवाला

विधायक पट्टा ने पत्र में स्पष्ट किया है कि बिलासपुर डिस्ट्रिक्ट गज़ेटियर 1910 और मंडला डिस्ट्रिक्ट गज़ेटियर 1912 इस बात का प्रामाणिक ऐतिहासिक साक्ष्य हैं कि यह रेल मार्ग पूर्व में स्वीकृत था। हाल ही में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा 19 जून 2026 को दिए गए पत्राचार का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि रेलवे प्रशासन ने स्वयं माना है कि इस मार्ग का रेट ऑफ रिटर्न बढ़कर +1.73 प्रतिशत हो गया है, जो इसकी वर्तमान आर्थिक और व्यावहारिक उपयोगिता को साबित करता है। इसके साथ ही, परिचालन विभाग ने भी इसे आगे की कार्यवाही के लिए प्रेषित किया है।

### 230 किमी का मिसिंग लिंक

पत्र के अनुसार, 372 किलोमीटर की इस पूरी परियोजना में वर्ष 2004 के बाद कोई आधिकारिक रिव्यू सर्वे नहीं कराया गया है, जो कि रेलवे के 10-वर्षीय पुनरीक्षण नियमों का उल्लंघन है। वर्तमान में बिलासपुर-पंडरिया-डोंगरगढ़ लाइन स्वीकृत है, जबकि जबलपुर से ग्वारीघाट तक ब्रॉडगेज लाइन का सफल संचालन हो रहा है। ऐसे में पंडरिया से बिछिया - मंडला-बीजाडांडी - ग्वारीघाट (जबलपुर) तक मात्र 230 किलोमीटर का मिसिंग लिंक ही शेष रह गया है।

### इस लिंक के बनने से होने वाले लाभ

दूरी में बचत: जबलपुर और बिलासपुर के बीच यात्रा की दूरी में लगभग 100 से 110 किलोमीटर की भारी कमी आएगी।

टूरिज्म सर्किट का विस्तार: यह मार्ग महामाया मंदिर (रतनपुर), भोरमदेव मंदिर, कान्हा राष्ट्रीय उद्यान और भेड़ाघाट जैसे प्रसिद्ध धार्मिक व पर्यटन स्थलों को एक अंतरराष्ट्रीय टूरिज्म सर्किट से जोड़ेगा।

कोलकाता-सतपुड़ा कनेक्टिविटी: यह रेल मार्ग कोलकाता (पश्चिम बंगाल) और सतपुड़ा पठार के बीच सबसे छोटा और सीधा संपर्क साधन बनेगा।

### कम होगा यातायात का दबाव

बिलासपुर-पंडरिया-मंडला-जबलपुर रेल कॉरिडोर वास्तव में मध्य भारत का एक गेम-चेंजर रेल प्रोजेक्ट है। यदि रेलवे इस 230 किमी के मिसिंग लिंक को नवीनतम तकनीकी मानदंडों के साथ मंजूरी देता है, तो इससे न केवल माल ढुलाई में भारी समय और ईंधन की बचत होगी, बल्कि हावड़ा-मुंबई रूट पर यातायात का दबाव भी कम होगा। +1.73 प्रतिशत का सकारात्मक आरओआर यह साबित करता है कि यह परियोजना आर्थिक रूप से पूरी तरह व्यावहारिक है। नीतिगत बाधाओं को दूर कर यदि इसे आगामी बजट में शामिल किया जाता है, तो यह महाकौशल और छत्तीसगढ़ के आदिवासी क्षेत्रों के लिए आर्थिक क्रांति का आधार बनेगा।

### भांजे ने मामा पर चाकू से किया हमला

**नवभारत, जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत भारत कॉलोनी में शराब के लिए पैसे न देने पर मुंहबोले भांजे ने अपने मामा पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया।पुलिस के मुताबिक, भारत कॉलोनी निवासी सिकंदर रैकवार (32) घर में सो रहा था तभी उनका मुंहबोला भांजा शैलू उर्फ शैलेंद्र कनौजिया वहां पहुंचा और शराब के लिए 500 मांगने लगा। सिकंदर के मना करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देने लगा। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने चाकू निकालकर सिकंदर की दाहिनी आंख के नीचे, कान के पास और पीठ पर ताबड़तोड़ वार कर दिए और फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी शैलू के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## योगेंद्र सिंह योगी के नाम से जानी जाएगी डिलाइट चौक से माता मरियम तक की सड़क



**नवभारत,जबलपुर।** नगर निगम द्वारा रविवार को डिलाइट चौक पर समाजसेवी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता रहे योगेंद्र सिंह योगी की स्मृति में योगेंद्र सिंह योगी मार्ग नामकरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में डिलाइट चौक से मातामरियम तक सड़क का नामकरण योगेंद्र सिंह योगी के नाम पर किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह रहे। समारोह की अध्यक्षता महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने की।

इस दौरान लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने योगेंद्र सिंह योगी को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन उनके नाम के अनुरूप था। गृहस्थ होते हुए भी उन्होंने योगियों जैसा त्याग और सेवा का जीवन जिया। वे अपना अधिकांश समय समाज और लोगों की भलाई के लिए समर्पित कर देते थे। यदि किसी कार्य को पूरा करने का संकल्प ले लेते तो किसी भी बाधा के सामने नहीं रुकते थे। वहीं महापौर जगत बहादुर सिंह ने कहा कि योगेंद्र सिंह योगी के नाम पर मार्ग का नामकरण करने का प्रस्ताव मिलते ही उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हुई। नगर निगम के एमआईसी सदस्यों सभी पार्षदों तथा पक्ष.विपक्ष के सहयोग से सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया। इस अवसर पर कैंट विधायक अशोक रोहाणी, विधायक अभिलाष पांडे, नगर निगम अध्यक्ष रिंकुज विज, जबलपुर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष संदीप जैन, भाजपा के नगर अध्यक्ष रत्नेस सोनकर, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, पूर्व महापौर प्रभात साहू सहित अन्य मौजूद रहे।

अवैध वसूली | ग्रामीणों ने घेरा थाना, वर्दी की धौंस दिखा अवैध वसूली, आधी रात को जबरन घरों में घुसने का आरोप

# बगैर टीआई को सूचना, बिना वर्दी, तड़के 6 बजे रेड, दो प्रधान आरक्षक बने बंधक



**नवभारत, जबलपुर।** तिलवारा थाना अंतर्गत सकरी में नियमों को ताक पर रखकर बिना थाना प्रभारी को सूचना दिए दो प्रधान आरक्षक सादे कपड़ों में पहुंच गए जिन्हें ग्रामीणों ने बंधक बना लिया । हालांकि बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। लेकिन ग्रामीणों का सब्र टूट गया, और उन्होंने एकजुट होकर तिलवारा थाने का घेराव कर दिया और थाना प्रभारी के सामने पुलिस कर्मियों का कच्चा चिट्ठा खोल कर रख दिया। महिलाओं आरोप है कि पुलिसकर्मी देर रात उनके घरों में जबरन दाखिल हो जाते हैं। जब इसका विरोध करते हैं, तो उनके साथ झूमाझपटी की जाती है। वर्दीधारी घर की महिलाओं के साथ अभद्रता करने से भी बाज नहीं आते। वर्दी की धौंस दिखाकर अवैध वसूली करते है। थाना प्रभारी ने उन्हें जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन देते हुए शांत कराया ।

जानकारी के अनुसार तिलवारा थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक पृथ्वीराज अपने साथी प्रधान आरक्षक राजेश के साथ बिना थाना प्रभारी को बिना सूचना दिए सुबह 6 बजे सिविल ड्रेस में सकरी गांव जा धमके। सुबह-सुबह सादे कपड़ों में संदिग्ध हरकतें करते देख ग्रामीणों का गुस्सा भड़क गया। ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाई और दोनों को घेरकर बंधक बना लिया था। जब पुलिसकर्मियों ने खुद को घिरता देखा, तो पैंतरा बदलते हुए कहा कि उन्हें कच्ची शराब बेचने की मुखबिरी मिली थी। हालांकि, बाद में पुलिस महकमे के दखल के बाद ग्रामीणों ने उन्हें छोड़ दिया गया लेकिन इसके बाद पुलिसकर्मियों के खिलाफ आक्रोशित ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। पीड़ित ग्रामीणों ने तिलवारा थाने पहुंचकर थाना प्रभारी से मामले की लिखित शिकायत की और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस पूरी घटना ने पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल खड़े कर दिए है ।सवाल यह उठता है कि अगर पुलिसकर्मी किसी वैध कार्रवाई के लिए गए थे, तो उन्होंने अपने ही थाना प्रभारी को सूचना क्यों नहीं दी? सिविल ड्रेस में तड़के 6 बजे गांव में घुसने के पीछे कौन सा इरादा था? ग्रामीणों का सीधा आरोप आरोप है प्रधान आरक्षक पृथ्वीराज सिर्फ और सिर्फ अवैध वसूली के इरादे से गांव में बीते तीन से चार माह से लगातार आ रहे थे और रात में वे बेवजह घरों में घुस रहे थे। देर रात बिना किसी वारंट या वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति के उनके घरों में जबरन दाखिल हो जाते थे। जब ग्रामीण इस अवैध घुसपैठ का विरोध करते हैं, तो उनके साथ झूमाझपटी की जाती है। पुलिसकर्मी घर की महिलाओं के साथ भी अभद्रता करने से बाज नहीं आते और वर्दी की धौंस दिखाकर लगातार अवैध वसूली कर रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं के साथ बाबू लाल कोल, सचिन झारिया, मगन झारिया, राकेश राय, सुनील, चमन राय उपस्थित रहे।

### इनका कहना है

पुलिस नियमानुसार और कानून के दायरे में रहकर ही अपनी कार्रवाई करती है। सकरी गांव में दो प्रधान आरक्षक सिविल ड्रेस में बिना सूचना दिए पहुंचे थे। मामले की जांच शुरू कर दी है । जांच प्रतिवेदन वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपा जाएगा, जांच में तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

**बृजेश मिश्रा**
**तिलवारा थाना प्रभारी**















स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से प्रकाशित एवं नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharatjabalpur@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RNI Reg No.1537/57